राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर
कोर्स रिपोर्ट
‘‘साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर’’
Date 01-08-2022 to 05-08-2022 Course No. 17, Under CCPWC Project

राजस्थान पुलिस अकादमी,जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय,राजस्थान,जयपुर के निर्देशानुसार मिनिस्ट्री ऑफ हॉम अफेयर्स द्वारा प्रायोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत ‘‘साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर’’ विषय पर दिनांक 01-08-2022 से 05-08-2022 तक 5 दिवसीय कोर्स आयोजित किया गया।

मुझ कोर्स निदेशक विनोद शर्मा, उप अधीक्षक पुलिस, आरपीए, जयपुर तथा सहायक कोर्स निदेशक श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा कोर्स का सफल आयेजन करवाया गया। इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 13 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 03 पुलिस निरीक्षक तथा 10 उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी शामिल हुए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मन् कोर्स निदेशक द्वारा किया गया। मन् कोर्स निदेशक द्वारा साइबर क्राइम के बढते अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्व सभी प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया जाकर प्री कोर्स मूल्यांकन परीक्षा ली गयी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आरंभ श्री मनोज रमन,जूनियर साइबर फोरेन्सिक कंसलटेंट राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा किया गया, जिसमें Overview of Cybercrimes - Computer Foundation and Basics of cyber crimes specific to women and children विषय पर जानकारी दी गयी। दोपहर बाद के सत्र में श्री ओम प्रकाश , हैड कानिस्टेबल, आरपीए द्वारा Information Gathering (Case Study/Scenario Analysis) के बारे में जानकारी दी गयी। इसके बाद श्री राजीव यादव, साइबर एक्सपर्ट द्वारा Information Gathering hands on practice विषय पर जानकारी दी गयी।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिन प्रथम सत्र में श्री रमेश सर्वटा, पुलिस निरीक्षक, साइबर क्राईम रिस्पोन्स सैल, बीकानेर द्वारा Financial Frauds, Simulation & Evaluation Exercises Financial Frauds Hands-on with case study विषय पर जानकारी दी गयी। द्वितीय सत्र में श्री अशोक कुमार मीणा, उप निरीक्षक, आरपीए द्वारा Social Media Investigation Case Study and Cyber Crime Against Women & Child विषय पर अध्यापन करवाया गया तथा Social Media Investigation, Important ITC terminologies and techniques & Hands-on with case study करवायी गयी।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस सभी प्रतिभागियों को एफएसएल ले जाया गया जहाँ श्री विश्वास भारद्वाज, असिस्टेंट डायरेक्टर, एफएसएल जयपुर द्वारा क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय पर घटना स्थल के सुरक्षित करने, निरीक्षण व तैयार किये जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी गयी व बाद दोपहर क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय मे ही घटना स्थल पर तलाशी पूर्व की तैयारीयों, जब्ती व दस्तावेजों तथा आवश्यक फोरेन्सिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी भी दी गयी। साथ ही प्रतिभागियों को हैण्डस ऑन प्रैक्टिस भी करवाई गई।

प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में श्री मनोज मीना, असिसटेन्ट प्रोफेसर, लॉ डिपार्टमेन्ट, राजस्थान यूनिवर्सिटी द्वारा साइबर अपराध के अनुसंधान में सूचनाएं एकत्र करने के संबंध में जानकारी साझा की गयी व Investigation Challenges in cybercrime (Interaction Session) के संबंध में जानकारी साझा की गयी। बाद दोपहर के में सत्र श्री महेन्द्र कुमार शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक, सीआईडी(आई बी), जयपुर द्वारा मोबाईल फोन, सेटेलाईट फोन, जीपीएस डिवाईस आधारित अनुसंधान, फोन व सिम कार्ड तलाशी, जब्ती में रखी जाने वाली सावधानियॉ व जीपीआरएस लॉग्स विषय पर जानकारी दी गयी।

अंतिम सत्र में श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा आई पी, वेवसाइट और ई मेल विषय पर जानकारी दी गयी। प्रतिभागियों को Hands on excerise भी करवाई गई। अगले सत्र में निरन्तर श्री यतीन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा देश से बाहर बैठकर किये जाने वाले साइबर अपराधों का कैसे अनुसंधान किया जाना है के बारे में जानकारी साझा की गयी।

सहायक कोर्स निदेशक द्वारा समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया जाकर प्रशिक्षणोपरान्त सभी की पोस्ट प्रशिक्षण मूल्यांकन परीक्षा ली गयी। सम्पूर्ण कोर्स में प्रतिभागियों को Hands on excerise भी करवाई गई। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षणोपरान्त एक पेन ड्राईव में प्रशिक्षण के दौरान पढाया गया तथा एमएचए द्वारा उपलब्ध करवायी गयी प्रशिक्षण अध्ययन सामग्री प्रतिभागियों को उपलब्ध करवायी गयी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस दिनांक 05-08-2022 को 04.45 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित, सीसीपीडब्ल्यूसी लैब में श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक,आरपीए द्वारा समापन उद्बोधन दिया जाकर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में सहायक कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स के संचालन में सहभागियों एवं सम्पूर्ण प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

भवदीय,

(विनोद कुमार)
उप अधीक्षक पुलिस एवं
कोर्स निदेशक, (CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर